**लेखन विधाओं के प्रारूप**

# अनौपचारिक ई मेल लेखन

प्रति – | मेल आई डी ( In English only )

विषय – | दिया गया विषय

संबोधन – आदरणीय ( बड़ों को ), प्रिय ( छोटों को ) , प्रिय ( मित्रों को)

अभिवादन – सादर प्रणाम ( बड़ों को ), सदा खुश रहो ( छोटों को ),सप्रेम नमस्ते ( मित्रों को)

कुशलता व कारण ------------------------------------------------------------
------------------------------------------------------------------------------------------------
------------------------------------------------------------------।

विषय विस्तार ----------------------------------------------------------------------
------------------------------------------------------------------------------------------------
------------------------------------------------------------------------------------------------
------------------------------------------------------------------------------------------------
------------------------------------------------------------------------------------------------
------------------------------------------------------------------------------------------------।

समापन + रिश्तेदारों को अभिवादन --------------------------------------------
------------------------------------------------------------------------------------------------
----------------------------------------------------------।

संबंध

नाम

औपचारिक ई मेल

प्रति- Mail id (In English only )

विषय –

मान्यवर / माननीय महोदय ,

सविनय निवेदन है मैं ---- +कारण

------------------------------------------------------------------------

---------------------

------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------।

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------

-------------------।

सधन्यवाद ।

भवदीय / भवदीया

नीलम

इसलिए

**प्रश्न - अपने मोहल्ले की सफाई के संदर्भ में नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को एक ईमेल लिखिए ।**

- **गंदगी की शिकायत**
- **गंदगी का प्रभाव**
- **निवेदन**

औपचारिक ई मेल

प्रति- nasiksvaasthyaadhikari@gmail.com

विषय - गंदगी की शिकायत हेतु ।

मान्यवर / माननीय महोदय ,

सविनय निवेदन है कि मैं आपके क्षेत्र ------ मोहल्ले का निवासी हूँ । हमारे मोहल्ले में पिछले कई दिनों से कोई सफाई नहीं हुई है । चारों तरफ गंदगी दिखाई देती है ।

मोहल्ले का सफाई कर्मचारी नियमित रूप से नहीं आता है । जिससे नालियों में भी कचरा जमा होने के कारण नालियों का गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है । जिसकी दुर्गंध से लोगों को अपनी नाक बंद करनी पड़ती है ।मक्खी व मच्छरों का साम्राज्य होने से संक्रामक रोग जैसे- हैजा, ज्वर, डेंग्यु , मलेरिया फ़ैल रहे हैं ।

अतः आपसे अनुरोध कि आप जल्द से जल्द कार्यवाही करें तो आपकी अति कृपा होगी ।

सधन्यवाद ।

भवदीय / भवदीया

नाम

## 1- ई-मेल

हाल ही में आपने दूरदर्शन पर एक विज्ञापन देखा जो आपको बहुत पसंद आया। उस विज्ञापन की खूबियों की जानकारी देते हुए अपने मित्र को ई-मेल लिखिए। ( १२० शब्दों में )

अपने ई-पत्र में निम्नलिखित बिन्दुओं को शामिल कर सकते हैं।

- विज्ञापन का विषय एवं प्रस्तुति
- क्यों पसंद आया?
- विज्ञापन क्या सन्देश देता है?

भेजें | संजोएँ | जोड़ें

rohan.singh@gmail.com

विषय–मेरा पसंदीदा विज्ञापन

प्रिय मित्र रोहन,

मैं तुम्हें एक बहुत ही रोचक बात बताने के लिए यह ई-मेल लिख रहा हूँ। बात यह है कि हाल ही में मैंने दूरदर्शन पर एक रोचक विज्ञापन देखा जो एक क्रेडिट कार्ड की खूबियों के बारे में है। इस विज्ञापन की खूबी यह है कि क्रेडिट कार्ड की सुविधाएँ बताने के साथ-साथ वह एक शिक्षक एवं विद्यार्थी के बीच के कोमल संबंधों को बड़ी खूबसूरती के साथ दिखाता है।

यह विज्ञापन सन्देश देता है कि भले ही विद्यार्थी शरारती हो सकते हैं पर अपने शिक्षकों के प्रति उनके मन में हमेशा आदर और सम्मान की भावनाएँ विद्यमान होती हैं। इस तथ्य को रोचक दृश्यों द्वारा विज्ञापन दाता ने प्रस्तुत किया है।

जो भी दर्शक इसे एक बार भी देखता है वह इसे कभी भूल ही नहीं पाता। तुम इसे अवश्य देखना। मैं तुमसे अगले सप्ताहांत में मिलूँगा।

तुम्हारा दोस्त,

रणवीर

उदाहरण–आप अपने मित्रों के साथ अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाना चाहते हैं और इसके लिए आप के माता-. पिता ने सारी तैयारियाँ पूरी की हैं। दूसरे शहर में रहने वाले अपने मित्र को ई-मेल लिखकर उसे आमंत्रित कीजिए। invite

अपने ई-मेल में निम्नलिखित बिंदुओं को शामिल कीजिए। (१२० शब्दों में)

- स्थान, समय व तारीख
- आकर्षण attraction
- मित्र की उपस्थिति क्या मायने रखती है

भेजें | संजोएँ | जोड़ें

karan.shah@gmail.com

विषय–जन्मदिन का निमंत्रण।

प्रिय मित्र करन,

मुझे तुम्हें यह बताने में बड़ी खुशी हो रही है कि अगले सप्ताह के रविवार (१८ जून) मेरा १६वाँ जन्मदिन है और मैं चाहता हूँ कि तुम उस दिन मेरे साथ मेरे परिवार की खुशी में शामिल हो।

मेरे पिताजी ने एक बहुत मजेदार पार्टी आयोजित की है जिसमें तुम्हारे मन पसंद चायनीज खाने के साथ-साथ एक प्रसिद्ध जादूगर का मैजिक शो भी होगा।

मेरे सर्वप्रिय मित्र होने के नाते तुम्हें एक दिन पहले आकर मेरी मदद करनी है। पुणे से मेरे मामाजी आ रहे हैं और तुम उनके साथ आ सकते हो और रविवार की शाम को तुम अपने घर वापस जा सकते हो। इस विषय में पिताजी तुम्हारे पिताजी से बात करनेवाले हैं। तुम ज़रूर आना।

तुम्हारे उत्तर की प्रतीक्षा में,

तुम्हारा मित्र,

प्रतीक